Apni Dunia, Indore, Sep 05 2012

टीसीएस आईटी विज में सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल बना चैम्पियन

इंदौर। स्थानीय डीएवीवी यूनिवर्सिटी परिसर खण्डवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, मे मंगलवार को आयोजित भारत की सबसे बडी इंटर स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला। टाटा कंसलटेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस विज 2012 मे इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 1000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया । प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल के पंकज मनचंदा तथा प्रत्युष समल ने विजेता ट्रॉफी और गैलेक्सी नोट जीता तथा एटोमिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल के अभिषेक नाइक तथा पलाश अग्रवाल ने उपविजेता के रूप में उपविजेता की ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पायी। इस क्विज को ख्याति प्राप्त क्विज मास्टर ''पिकब्रैन'' गिरिबालासुब्रमणियम ने होस्ट किया था। पुरस्कार हमारे सम्माननीय अतिथि डाइरेक्टर, डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन, यूनवर्सिटी ऑफ इंदौर, डी ए वी वी डॉ. जयंत सोनवालकर और एमपी ऑनलाइन के सीओओ प्रमोद भार्गव के द्वारा वितरित किये गये। टीसीएस आईटी विज 2012 के रीजनल राउण्डस 14 शहरों - हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बैंगलुरू, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, कोची, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली पर आयोजित किए जा रहे है। इन रीजनल राउण्डस के बाद दिसम्बर में नेशनल फायनल्स आयोजित किया जाएगा जिसमें 14 शहरों की विजेता टीमों के साथ यूनाईटेड अरब अमीरात के विजेता टीसीएस आईटी विज नेशनल चैम्पियनशिप टाइटल के लिए भिडेंगे। विजेताओं को हाई टी में टीसीएस के सीईओ श्री एन. चन्द्रशेकरन के साथ चर्चा करने का अवार भी मिलेगा।